राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश
8, अरेरा हिल्स, पुरानी जेल रोड, भोपाल

क्रमांक / एन.एच.एम / एच.आर. / 2017 / भोपाल, दिनांक :

/ / आदेश / /

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के आदेश क्रं. / एन.एच.एम. / एचआर / 2017 / 22633 दिनांक 09 / 10 / 2017 द्वारा आयोजित साक्षात्कार पश्चात् संविदा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक–लीगल के पद पर निम्न अभ्यर्थी का चयन किया गया है।

क्र.	चयनित उम्मीदवार के नाम	पदनाम	पदस्थापना स्थल	मासिक मानदेय राशि
1	श्री अभिनव कुमार	सहायक कार्यक्रम प्रबंधक–लीगल	एनएचएम कार्यालय, भोपाल	30,000 / –

1. चयनित अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रति के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय भोपाल में उपस्थित हो ताकि अनुबंध संबंधी कार्यवाही की जा सके।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा नियुक्ति दिनांक से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के संविदा कर्मचारी होंगे।
3. संविदा कर्मचारी की संविदा नियुक्ति दिनांक 31 मार्च 2018 तक के लिये होगी।
4. संविदा कर्मचारी को आदेश दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्य पर उपस्थित होना होगा।
5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत संविदा सेवा अनुबंध में दर्शाये गये दायित्वों का निर्वहन अनिवार्य होगा।
6. संविदा कर्मचारी का वार्षिक कार्य आधारित मूल्यांकन में योग्य पाये जाने पर कार्ययोजना में प्राप्त स्वीकृति के अनुसार अनुबंध राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. द्वारा स्वीकृत अवधि के लिये बढ़ाया जा सकेगा।
7. संविदा अनुबंध के आधार पर नियमितीकरण संबंधी कोई मांग या दावे स्वीकार्य नहीं होंगे।
8. संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात नियुक्ति प्राधिकारी के साथ म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित राशि के गैर न्यायिक बंध पत्र पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।
9. उपरोक्त अनुबंध राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्राधिकृत अधिकारी एवं संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी के मध्य निष्पादित किया जायेगा।
10. अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय उक्त संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी द्वारा वहन किया जायेगा।
11. संविदा कर्मचारी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. के नवीनतम मानव संसाधन मैनुअल के प्रावधानों के तहत कार्य करना होगा।

प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य द्वारा अनुमोदित

(डॉ. बी.एन.चौहान)
संचालक,
एन.एच.एम.,मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक / एनएचएम / एचआर / 2017 / 23215 **भोपाल, दिनांकः** 24.10.17
प्रतिलिपिः सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल।
2. स्वास्थ्य आयुक्त, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एनएचएम, भोपाल, म.प्र.।
4. समस्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।
5. वित्त सलाहकार / संचालक, वित्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।
6. समस्त उपसंचालक / कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।

संचालक,
एन.एच.एम.,मध्यप्रदेश